वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान : चम्बल रिवर फ्रंट पर पूजन से जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ पांच जून को

कोटा, (निसं)। गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान शुरू होगा। अभियान के तहत 5 जून को प्रातः 10 बजे नदियों एवं परम्परागत तालाबों के पूजन तथा जल स्रोतों तक कलश यात्रा का आयोजन होगा।

जिला स्तर पर इसकी शुरुआत जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक चम्बल रिवर फ्रंट पर पूजन एवं वंदे गंगा कलश यात्रा कार्यक्रम के साथ करेंगे। ब्लॉक स्तर पर इटावा, खैराबाद, सांगोद एवं सुल्तानपुर में चयनित जल स्रोत पर पूजन एवं वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। हर पंचायत में कलश यात्रा एवं पीपल पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अभियान के जिले में सफल आयोजन एवं विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारियों के संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के सफल आयोजन, जल स्रोतों की सफाई तथा अन्य कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

1.5 लाख स्कूली बच्चे करेंगे पौधारोपण:- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून को तुलसी पौधा वितरण, हरियालो राजस्थान की पूर्व तैयारी के तहत गड्ढे खोदना, स्कूली बच्चों के लिए निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शिक्षा विभाग द्वारा 1.5 लाख बच्चों के माध्यम से पौधारोपण कराया जाएगा। इसी दिन वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला एवं शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसके अलावा जल स्रोतों की सफाई एवं नदी, बांध, सरोवर पर दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई तथा आमजन को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शपथ दिलाई जाएगी। चिन्हित स्थानों पर श्रमदान भी किया जाएगा। राजीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा हर पंचायत में वंदे गंगा कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं पीपल पूजन किया जाएगा।

वंदे गंगा जल सेवा होगी, पक्षियों के लिए परिंडे बांधेंगे:- अभियान के तहत 6 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खाळों की सफाई की जाएगी। पीएचईडी द्वारा भामशाहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, कृषि उपज मंडी समिति सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वंदे गंगा जल सेवा की जाएगी। इसके अलावा जल संग्रहण संरचनाओं की डी-सिल्टिंग के साथ ही पशुओं के लिए पीने का पानी एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधने जैसे कार्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जाएंगे। 7 जून को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अभियान की गतिविधियों से संबंधित विचार-विमर्श एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। गौ-शालाओं, पशु चिकित्सालयों में स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। 8 जून को स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा प्रभात फेरी एवं जागरूकता अभियान रैली का आयोजन वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान किया जाएगा। अभियान के तहत 9 जून को नवीन अमृत सरोवरों का शुभारंभ, नई जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारंभ, प्राचीन जोहड़-तालाब की सफाई एवं मरम्मत, गांवों के मुख्य मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई आदि कार्य होंगे।

10 जून को जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.1 के अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन, एमजेएसए 2.2 के अंतर्गत कार्यों का स्वीकृत करना एवं प्रारंभ करना। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत नवीन परियोजनाओं का शुभारंभ, औरण एवं चारागाहों का चिन्हीकरण तथा हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी की जाएगी।

अभियान के तहत 11 जून को तुलसी के पौधों का वितरण, लव-कुश वाटिका पर कार्यक्रम, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन, एमजेएसए

2.2 के अंतर्गत कार्यों को स्वीकृत करना एवं प्रारंभ करना जैसे कार्यक्रम होंगे। 12 जून को जल स्रोतों की सफाई एवं मरम्मत तथा जल स्रोतों पर दीप प्रज्वलन, डिग्गियों की सफाई, किसान चौपाल, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर संगोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। 13 जून को जल शक्ति अभियान रू कैच द रेन के अंतर्गत कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा नहरों एवं खाळों की जल उपयोक्ता संगमों द्वारा सफाई की जाएगी। पीएचईडी द्वारा पेयजल स्रोतों, स्वच्छ जलाशयों, उच्च जलाशयों आदि की सफाई तथा जल बचत के लिए जन जागृति कार्यक्रम चलाए जाएंगे। भू-जल विभाग द्वारा कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं स्वीकृति दी जाएगी।

20 जून को होगा समापन:- अभियान के तहत 14 जून से 19 जून तक जल संग्रहण एवं जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पखवाड़े का समापन कार्यक्रम 20 जून को आयोजित होगा। इसमें वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में सहयोग देने वाले भामाशाह, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि का सम्मान किया जाएगा। पूरे पखवाड़े के दौरान हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधारोपण के लिए गड्ढे खोदने सहित अन्य तैयारियां भी की जाएंगी।

■ हर पंचायत में होंगे कलश यात्रा एवं पीपल पूजन कार्यक्रम

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कैथून पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि कैथून थाना पुलिस द्वारा गलाना टोल से पहले कोटा सांगोद रोड़ पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। पुलिस चैकिंग के दौरान बाईक सवार एक जने को रोककर चैक किया गया तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 466 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए ब्रजनगर निवासी बन्टी मीणा (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से मादक पदार्थ के बारे में अनुसंधान जारी है।

विश्व पर्यावरण दिवस थीम पर मेले का आयोजन

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत रिड्यूज, रियूज, रिसाइकल व प्लास्टिक मुक्त थीम के तहत पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने के दृष्टिगत एक रचनात्मक मेला आयोजित हुआ। जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अनुपयोगी वस्तुओं के प्रयोग से बनी चीजों को प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उनके श्रेष्ठ कार्य के लिए सर्टीफिकेट भी प्रदान किए।

नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निगम के प्रशासनिक भवन में कबाड़ व कचरे, अनुपयोगी एवं सिंगल यूज प्लाास्टिक मटीरियल को उपयोग में लेकर अलग-अलग प्रकार के वस्तुओं को बनाया और इस कार्यक्रम में महिला, पुरूष, युवा, बच्चों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्लास्टिक, पॉलिथीन, कांच, लोहा, गत्ते-पेपर, थर्माकॉल इत्यादि अनुपयोगी वस्तुओं को खूबसूरत तरीके से उपयोग में लेकर अलग-अलग प्रकार के डेकोरेटिव आइटम्स बनाए गए। साथ ही अनुपयोगी वस्तुओं के माध्यम से हेंडक्राफ्ट आइटम्स भी मेले में प्रदर्शित किए गए और इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन की जगह जूट, कपड़े व अखबार के थेले व थेलियां उपयोग में लेने के लिए मेले में मौजूद लोगों को प्रेरित किया गया जिससे कि लोग कपड़े व अखबार से बने थेले उपयोग में लेकर शहर व देश की स्वच्छता में अपनी भागीदारिता निभा सकते है और सिंगल प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत हम शहर व देश के कई जीव-जन्तुओं की जान भी बचाने में अपना अहम योगदान प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त अशोक त्यागी व अति. आयुक्त जवाहर लाल जैन ने मेले में मौजूद विभिन्न स्टॉलों पर जाकर अनुपयोगी चीजों से बनी उपयोगी चीजों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों द्वारा जो हेंड क्राफ्ट, डेकोरेटिव आइटम्स व विभिन्न प्रकार के मटिरियल से बने थेलों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहा और प्रत्येक प्रतिभागी को उनके श्रेष्ठ काम के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

बैंक मित्रों को प्रशिक्षण दिया

कोटा, (निसं)। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बैंक मित्रों के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से खातौली में बैंक मित्रों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि वे सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने में बैंक मित्र एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

उन्हें प्रधानमंत्री जन धन योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाएं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे अपने क्षेत्रों में अधिक प्रभावी रूप से कार्य कर सकें।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि बैंक मित्र ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन का प्रमुख आधार हैं। उनकी सक्रियता से ही बैंकिंग उत्पादों की पहुँच बढ़ती है और लोग डिजिटल सेवाओं से जुड़ते हैं।

उन्हें ग्राहकों को जागरूक करने, सरल बैंकिंग समाधान प्रदान करने और सरकारी लाभों की सही जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में बैंक मित्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा कार्यक्षेत्र में आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों पर चर्चा की।

इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख शीशराम तुन्दवाल एवं क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव त्यागी, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा एवं शाखा प्रबंधक महेंद्र मीणा उपस्थित रहे।

■ 'सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में बैंक मित्र एक महत्वपूर्ण कड़ी है'

विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

छबड़ा (निसं)। यादव (जाटव) समाज द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए मेधावी विद्यिर्थयों का बुधवार को हाई स्कूल खेल मैदान में समारोहपूर्वक स्वागत सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन के तहत समाज के वे विद्यार्थी जो वर्ष 2025 की 10वी व 12वी की बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित कर चुके हैं, उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल छात्रों की मेहनत को पहचान देना है। मीडिया प्रभारी श्यामसुंदर यादव के अनुसार श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा व निःशुल्क कन्या विवाह समारोह के उपलक्ष में हाल ही में घोषित 10वी व 12वी के बोर्ड परीक्षा परिणामो में 70 या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का आज सम्मान किया जाएगा।

टीम जीवनदान संस्थान ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदान संस्थान द्वारा आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में शहर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पुराने कोटा स्थित संस्थान के कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध टीवी कलाकार एवं मोटिवेशनल वक्ता जूनियर अन्नू कपूर रहे। उन्होंने अपने चिर-परिचित हास्यपूर्ण अंदाज में छात्रों को जीवन में परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ष्सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, यह केवल मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से ही प्राप्त होती हैष् अन्नू कपूर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि आज के युग में संभावनाएं अनंत हैं, ज़रूरत है तो केवल अपने लक्ष्य को पहचानने और उसके लिए समर्पित रहने की। कार्यक्रम संयोजक एवं रायबरेली जिला कोऑर्डिनेटर विशाल उपाध्याय ने छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया कि बारहवीं के बाद युवाओं के पास स्किल डेवलपमेंट से जुड़े अनेक कोर्सेज़ की सुविधा है। इन कोर्सेज़ के माध्यम से छात्र न केवल अपने हुनर को निखार सकते हैं बल्कि रोजगार के अवसर भी पा सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कला वर्ग के छात्रों के लिए भी अब कई ऐसे क्षेत्र उपलब्ध हैं, जिनमें वे अपनी पहचान बना सकते हैं, जैसे डिज़ाइनिंग, पत्रकारिता, सामाजिक कार्य, डिजिटल मार्केटिंग आदि। कार्यक्रम का संचालन सोनाली उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मण बनानी, दिनेश अवस्थी, राजू देवले, मनीष शर्मा, आशुतोष सरवान सहित जीवनदान संस्थान के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और छात्र-छात्राओं को आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर भाजपा कोटा शहर की कार्यशाला सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य व भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में मंगलवार अपरान्ह जीएम ए प्लाजा सभागार में भाजपा के संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम में 14 मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार किया गया।

■ मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान चलायेगी

संकल्प से सिद्धि अभियान की कार्यशाला को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने संबोधित किया।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, पूर्व उपमहापौर योगेन्द्र सिंह खींची, सुनीता व्यास, वरिष्ठ नेता पंकज मेहता, कार्यक्रम सहसंयोजक पार्षद गोपाल राम मण्डा, राकेश मिश्रा मंचस्थ रहें, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा ने मंच संचालन किया। कोटा दक्षिण विधायक एवं संकल्प से सिद्धि अभियान के जिला संयोजक संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सशक्त राष्ट्र बन चुका है। अर्थव्यवस्था से लेकर सुरक्षा तक भारत ने आश्चर्यजनक प्रगती कर विश्व को अचंभित कर दिया है। आज विश्व की कोई भी महाशक्ति भारत को नजर अंदाज नहीं कर सकती है, क्योंकि भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व की महाशक्ति बन चुका है।

जनसंघ का उदय संकल्प के साथ हुआ था। पार्टी के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। भाजपा पार्टी का कार्यकर्ता लगातार जनसेवा से जुड़ा रहता है। अपनी जान को जोखिम में डाल कर भी विपरित परिस्थितियों में आमजन की सेवा में संलग्न रहता है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहां कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत उल्लेखनीय रूप से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार के 11 वर्ष अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ पूरे हो रहे है, इस अवसर पर सभी देशवासी माननीय प्रधानमंत्री जी का कोटि-कोटि अभिनंदन कर रहे है।

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांकः-ननिको(उ.)/भ.नि.अनु./जोन प्रथम/2025/3242-43 दिनांकः-02.6.25

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पियूष ओझा पुत्र स्व.श्री हजारीलाल निवासी-1191, सिविल लाईन शिव मन्दिर के पास, दोस्तपुरा नयापुरा कोटा राजस्थान द्वारा आवास/भूखण्ड 139-ए दोस्तपुरा का क्षेत्रफल 918 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड 139-ए दोस्तपुरा कोटा स्थित भूखण्ड का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पट्टा क्रमांक 24 दिनांक 20.11.2000 जिसका क्षेत्रफल 102 वर्गगज (918 वर्गफीट) श्रीमती धन्नी बाई पत्नी श्री हजारीलाल के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती धन्नी बाई पत्नी श्री हजारीलाल की मृत्यु दिनांक 13.04.2022 को हो चुकी है एवं हजारीलाल की भी मृत्यु दिनांक 12.10.2014 को हो चुकी है। श्रीमती धन्नी बाई पत्नी श्री हजारीलाल द्वारा जर्ये रजिस्ट्रर्ड हक-त्याग पत्र दिनांक 04.12.2017 को आवेदक श्री पियूष ओझा पुत्र स्व.श्री हजारीलाल के पक्ष में निष्पादित किया गया।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड संख्या 139-ए दोस्तपुरा कोटा द्वारा क्षेत्रफल 918 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास/भूखण्ड 139-ए दोस्तपुरा कोटा का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा, उत्तर

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/765 **आपत्ति सूचना** दिनांकः-03.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रतनलाल पिता स्व. श्री शंकरलाल जीनगर निवासी रावतभाटा के द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र एल.एस.जी. पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत कर गैर योजना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित पुराने निर्मित कब्जों के नियमनशुदा आवासीय/भवन संख्या 99 गैर नियोजित क्षेत्र इन्द्रा कालोनी थाना रोड के नीचे पूर्व वार्ड नं. 06 रावतभाटा जिसका पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2012 अंतर्गत नियमन किया जाकर भूमि पट्टा क्रमांक 99 दिनांक 25.03.2013 एवं पंजीयन दिनांक 22.04.2013 से नियमनधारी श्री शंकरलाल पिता श्री गंगाराम जीनगर निवासी रावतभाटा के नाम पर कुल क्षेत्रफल 852 वर्गफीट अर्थात 94.67 वर्गगज आवासीय उपयोगार्थ का जारी किया गया था। भूखंडधारी/नियमनधारी श्री शंकरलाल का देहान्त दिनांक 18.11.2015 को हो जाने के कारण मृतक नियमनधारी के पुत्र (आवेदक) श्री रतनलाल पिता स्व. श्री शंकरलाल निवासी रावतभाटा द्वारा उक्त नियमनशुद्धा निर्मित भूखंड का उत्तराधिकारी नामान्तरण/हस्तान्तरण स्वयं के नाम पालिका रिकार्ड दर्ज किए जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र तथा नियमनधारी श्री शंकरलाल द्वारा इस भूखंड का निष्पादित वसीयतनामा नोटेरी प्रमाणित दिनांक 20.03.2015 एवं अन्य समस्त जाईन्दा वैध वारिसानों द्वारा आवेदक श्री रतन लाल के पक्ष में नामान्तरण दर्ज किए जाने हेतु सहमति स्वरुप शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस भूखंड का उत्तराधिकारी नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्त प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर श्री रतनलाल पिता स्व. श्री शंकरलाल जीनगर निवासी रावतभाटा के नाम पर पालिका द्वारा दर्ज रिकार्ड किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग/बैंक आदि को कोई उजर या आपत्ति हो तो वे इस आपत्ति सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मियाद में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में लिखित में मय प्रमाणित साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा बाद मियाद प्राप्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 603 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 3.6.25

आवास संख्या 4-ई-21 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री कृष्णा दत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.बी. शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री कृष्णा दत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.बी. शर्मा द्वारा दिनांक 26.08.1988 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री कृष्णा दत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.बी. शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.06.2007 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती सरोजनी शर्मा पत्नी स्व. श्री के.डी. शर्मा, श्रीमती नीलीमा आशीष मिश्रा पुत्री स्व. श्री के.डी. शर्मा पत्नी श्री आशीष मिश्रा एवं श्री अनुपम शर्मा पुत्री स्व. श्री के.डी. शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 11.12.2024 को श्री अंशुल शर्मा पुत्र स्व. श्री के.डी. शर्मा के पक्ष में किया गया। श्री अंशुल शर्मा पुत्र स्व. श्री के.डी. शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-ई-21 तलवण्डी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर श्री अंशुल शर्मा पुत्र स्व. श्री के.डी. शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अंशुल शर्मा पुत्र स्व. श्री के.डी. शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अंशुल शर्मा पुत्र स्व. श्री के.डी. शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

।।जय महेश।।

श्री माहेश्वरी समाज, कोटा

महेश नवमी महोत्सव-2025 के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रीमान ओमकृष्ण जी बिल्ला
माननीय अध्यक्ष, लोक सभा

राजेशकृष्ण बिल्ला
अध्यक्ष-श्री माहेश्वरी समाज, कोटा

पश्चिम मध्य रेल

मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
No.C 481/101/e-auction
Date-30.05.2025

कैटलॉग नं.-DKNT-2025,अनुबंध का प्रकार-पार्किंग, ई-नीलामी की तिथि एवं समय-16.06.2025 समय 12.00 बजे। कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (हस्ता.)

Sr.DCM/Kota

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

खोया पाया

निरंजन कृष्ण श्रृंगी पुत्र भंवरलाल श्रृंगी मकान संख्या 3-ज-28 विज्ञान नगर कोटा का नियमितीकरण एवं अदेय पत्र, अनुज्ञा पत्र तथा निरस्तीकरण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें
मो. 9461084341

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/100993 **लोकसूचना** दि.03.06.2025

श्री M/S VRB DEVELOPERS LLP THROUGH BHUPERNDRA JHURIA पुत्र श्री MAHENDRA SINGH जाति JAT निवासी GRAM- PALRI, TEH.- BHADRA, PALRI BHADI HANUMANGARH ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	रामनगर, लाडपुरा (कोटा)	M/S VRB DEVELOPERS LLP REG.OFFICE GROUND FLOOR PLOT NO A1,SCHEME NO-11A,SHIV SHANKAR COLONY MANSAROVER METRO STATION,NEW SANGANER ROAD,MANSAROVER JAIPUR KHATEDAR	679/677	1780	0.178
2.	रामनगर, लाडपुरा (कोटा)	M/S VRB DEVELOPERS LLP REG.OFFICE GROUND FLOOR PLOT NO A1,SCHEME NO-11A,SHIV SHANKAR COLONY MANSAROVER METRO STATION,NEW SANGANER ROAD,MANSAROVER JAIPUR KHATEDAR	681/98	100	0.01
				कुल	0.188

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वांत प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03/06/2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट-IV-A
नियम 8(6) के परन्तुक को देखें
अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी, जमानतदार व बधंककर्ता को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

ऋण खाता संख्या एवं ऋणी/ सह-ऋणी/ बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम	13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भौतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में)	ई-नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोलि और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान, निरीक्षण तिथि
ऋण खाता संख्या: 1721225214782214 **मैसर्स मोहम्